डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 109 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 01 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

### घोड़ी दाना पर दांव लगाते 10 जुआरी गिरफ्तार

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वायडी नगर पुलिस ने दो स्थानों पर दबिश देकर घोडी दाना से जुआ खेल रहे 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मुखबीर सूचना पर पुलिस ने इंद्रा कॉलोनी स्थित स्लेट पेंसिल कारखाने के पीछे दबिश दी, जहां कुछ लोग घोडीदाना से जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से 11 हजार 200 रुपए नगद और जुआ खेलने की सामग्री बरामद की। पकडे गए सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई और सभी जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

इन लोगो को किया गिरफ्तार -गिरफ्तार किए गए लोगों में अकरम पठान महेश नामदेव, वाहिद निलगर, सद्दाम निलगर, मुबारिक निलगर, मेहमूद निलगर, सद्दाम नियारगर, सईद पठान, इमरान पठान और वाहिद सय्यद शामिल हैं। ये सभी आरोपी इंद्रा कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

# मंडी प्रबंधन जागा, बाकी जिम्मेदार नींद में..!

## ✻ सांची की गुमटी पर अवैध सामग्री पर रोक की कवायद ✻ टीम का किया गठन, शहर में उड़ रही धज्जियां

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी सहित शहर भर में सांची की गुमटियों पर अवैध रूप से चाय नाश्ता सहित अन्य खाद्य सामग्री बेची जा रही है। कृषि उपज मंडी प्रबंधन ने इस पर रोक को लेकर कदम उठाया है। इसके लिए टीम तैयार की गई है। इधर शहर की बात करें तो शहरभर में कई जगहों पर सांची की गुमटी पर अवैध रूप से खाद्य पदार्थ बेचने का काम किया जा रहा है। जबकि, नियमानुसार सिर्फ सांची के प्रोडक्ट ही बेचे जा सकते हैं। इसमें अवैध रूप से कहीं भी लगी हुई गुमटी या अतिक्रमण पर नपा कार्रवाई कर सकती है। इसके अलावा जहां चाय नाश्ता मिल रहा है, उस पर लाईसेंस नहीं होने की दशा में फूड विभाग भी कार्रवाई कर सकता है। इसके अलावा सांची दुग्ध संघ भी इस पर एक्शन लेने का अधिकार रखता है। लेकिन, कोई भी जिम्मेदार विभाग अभी तक हरकत में नहीं आया है।



### मंडी प्रबंधन ने किया प्रयास...

कृषि उपज मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसौदिया ने बताया कि सांची पार्लर सहित मंडी प्रांगण में ठेला गाड़ी पर नियम विरुद्ध चाय नाश्ता बेचा जा रहा है। इस पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए टीम का गठन किया गया है। जिसमें मंडी निरीक्षक जगदीशचंद्र भाभर को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सहायक ग्रेड दो नेमीचंद खत्री, वीरेंद्रसिंह सोलंकी सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षाकर्मी जयभानसिंह बघेल और प्रांजलसिंह परिहार टीम में शामिल है। लिखीत आदेश जारी कर कहा गया है कि गठित दल मंडी प्रांगण में अवैध रूप से लग रहे ठेलागाड़ी एवं सांची पार्लर पर अवैध रूप से विक्रय हो रही सामग्री को तत्काल बंद कराए। साथ ही प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई की जाएगी।

### यह हो रहा शहर में, कहीं तो गोगो भी मिल रही...

शहर में लाखों रुपयों की कीमत रखने वाली जमीन और मुख्य स्थलों पर सांची पार्लर खुले है। यह सांची पार्लर नाम के है, इन्हे किराना दुकान या जनरल स्टोर्स भी कह सकते है। क्योंकि, सांची पार्लर पर बीड़ी सिगरेट गुटखा जैसी नशीली वस्तुएं भी बिक रही है। कुछ पार्लर पर तो गोगो भी उपलब्ध हो जाता है। यहां आपको डिस्पोजल से लेकर चने, सिंगदाने, पाउच पैकिंग में तरह तरह के नमकीन और पानी की बोतलें सब कुछ मिल जाएगा। सांची पार्लर पर सांची के सभी उत्पाद किसी भी पार्लर पर नहीं मिलते। लेकिन, दूसरी चीजें जरूर मिल जाएगी। सांची के जिम्मेदार इस पर मौन धारण किए हुए धृतराष्ट्र बने बैठे है।

### सिर्फ सांची आयटम रखने की अनुमति...

सांची उत्पाद बेचने के लिए सांची द्वारा ऐसी जगह पार्लर खोले जाते है जो मुख्य बाजार या मेन रोड पर होते है। जहां सांची पार्लर खोले जाते है, वह भूमि बेशकीमती होती है। व्यापारी लाखों की दुकानें लेकर जो व्यापार करते है, वैसा व्यापार कुछ लोग सांची पार्लर खोलकर उस पार्लर पर नियम विरुद्ध कई प्रकार के आयटम बेचकर कर रहे है। जबकि सांची के नियमों के अनुसार सांची पार्लर पर सिर्फ सांची के उत्पाद ही बेचे जा सकते हैं। सांची द्वारा दूध, दही, घी, मक्खन, मिष्ठी दोई, श्रीखंड लाइट, कोल्ड कॉफी और शुगर फ्री फ्लेवर्ड मिल्क जैसे कई उत्पाद है। सांची पार्लर पर इसके अलावा कोई वस्तु नहीं बेची जा सकती। लेकिन, नियमों को बलाए ताक रखकर कई प्रकार के आयटम सांची पार्लर पर बिक रहे है और कोई नहीं हैं, जो पार्लर वालों से नियमों का पालन कराएं।

### नपा में कुछ ही रजिस्टर्ड...

सूत्रों के अनुसार शहर में कई सांची पार्लर संचालित हो रहे हैं। इन पर बाकायदा सांची का नाम लिखा है। लेकिन, इनमें से गिनती के पार्लर ही ऐसे हैं, जिन्होंने नपा से लाइसेंस लिया है। अनुबंध के बाद दुग्ध संघ द्वारा एक प्रति नगरपालिका या नगर निगम को भी भेजी जाती है। सूत्रों के अनुसार कुछ तो सांची का नाम लिखकर अवैध रूप से भी संचालित हो रहे हैं।

### फूड लाईसेंस मिलना संभव नहीं...

फूड लाईसेंस के लिए भी एक प्रक्रिया होती है। जिसमें दुकान या जगह का उल्लेख करना आवश्यक होता है। अगर सांची पार्लर को दुकान या गुमटी दर्शाया जाए तो यह संभव नहीं कि इन्हें लाईसेंस मिल जाए। मतलब साफ है कि नाश्ता और खाद्य सामग्री बिना किसी लाईसेंस के बेची जा रही है।

### कोटपा अधिनियम के तहत भी दिए थे निर्देश...

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने तम्बाकू आपदा से बचाने के लिए सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम (कोटपा-2003) बनाया गया है। इसमें दुग्ध पार्लरों को लेकर भी निर्देश दिए गए है कि तंबाकू उत्पाद सिर्फ तंबाकू उत्पाद की दुकानों से ही बेचे जाए। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

### सांची पार्लर और अतिक्रमण...

सांची पार्लर के लिए 8 बाय 8 का प्लॉट नगर पालिका व अन्य विभागों की एनओसी के बाद अलाट किया जाता है। जबकि, 8 बाय 8 की दुकान के आगे कई जगह अन्य सामान रखकर बेचा जा रहा है। यानी सांची पार्लर की आड़ में बीच बाजार में लाखों रुपए कीमत की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है, इस पर जिम्मेदारों को तत्काल ध्यान देना चाहिए।

### आवंटन होता है निरस्त...

उल्लेखनीय है कि जब एजेंट का सांची पार्लर के लिए दुग्ध संघ से अनुबंध होता है तो इसमें स्पष्ट उल्लेख रहता है कि एजेंट द्वारा दुग्ध पार्लर पर बीडी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू आदि सामग्री का विक्रय नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो आवंटन बिना किसी सूचना के तत्काल निरस्त किया जाएगा। इसके बाद भी शहर के पार्लरों पर धड़ल्ले से अन्य सामग्री का विक्रय किया जा रहा है।



# बस की टक्कर से छात्रा की मौत

## रिवर्स लेते समय हुआ हादसा, परिजनों ने किया चक्काजाम

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीएम राइज स्कूल गुर्जर बरड़िया कैंपस में बस को रिवर्स लेते समय 11वीं कक्षा में अध्ययरत 16 वर्षीय छात्रा नेहा माली की मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।घटना के बाद स्कूल स्टाफ छात्रा के शव को बड़े अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और आक्रोश में बड़े अस्पताल के बाहर चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग थी कि आरोपी चालक को तत्काल मौके पर लाया जाए और स्कूल स्टाफ पर कार्रवाई की जाए।

### विधायक, जनपद अध्यक्ष, एसडीएम मौके पर पहुंचे...

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कांग्रेस विधायक विपिन जैन, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, एसडीएम शिवलाल शाक्य और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे के हंगामे के बाद परिजन आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए।

### नियमों के विपरीत चल रही थीं बस...

जनपद सदस्य बसंत शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल बस नियमों के विपरीत चल रही थीं। बस में न तो कैमरे लगे थे और न ही सुरक्षा के अन्य मापदंडों का पालन किया जा रहा था। एसडीएम ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि बस को थाने में खड़ा करवा दिया गया है और परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# इस महीने छुट्टियां ही छुट्टियां

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनवरी का महीना समाप्त हो गया है। आज शनिवार को अपन सब फरवरी महीने में प्रवेश कर रहे हैं। फरवरी महीने की दिलचस्प बात ये है कि इस महीने ठंड कम हो जाएगी और महीना 28 दिन का ही होगा। यानी ऑफिस और स्कूली छात्रों की मौज हो जाएगी।

बता दें कि फरवरी महीने के पहले दिन शनिवार को कई सरकारी दफ्तरों और स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी रहती है जबकि, 02 फरवरी रविवार होने के कारण सभी स्कूल और दफ्तर बंद रहेंगे। 03 फरवरी वसंत पंचमी को ऐच्छिक अवकाश है। कई जिलों में स्कूल-दफ्तर बंद रहेंगे। 08 फरवरी को दूसरा शनिवार होने के चलते बैंक बंद रहेंगे। साथ ही कई सरकारी दफ्तर भी शनिवार को बंद रहते हैं। 09 फरवरी को रविवार होने के स्कूल-दफ्तर बंद रहते हैं। 12 फरवरी को संत रविदास जयंती होने के कारण सरकारी छुट्टी रहेगी। जिससे स्कूल-ऑफिस बंद रहेंगे। 15 फरवर को शनिवार के चलते कई दफ्तर और स्कूल बंद रहेंगे। 16 फरवरी- रविवार को दफ्तर-स्कूल बंद रहेंगे। 22 फरवरी को दूसरा शनिवार है। जिसके चलते बैंक बंद रहेंगे। ऐसे ही 23 फरवरी को संडे है। 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि है, जिससे स्कूल और सरकारी दफ्तरों में छुट्टी रहेगी। बता दें कि, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कैलेंडर में फरवरी महीने में सात ऐच्छिक अवकाश घोषित किए गए हैं।

### एक क्विंटल नशा जलाया

**नीमच, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल ग्रामीण रेंज के विभिन्न जिलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थ (नशा) जिले के जावद के खोर स्थित विक्रम सीमेंट फैक्टरी में नष्टीकरण किया गया। फैक्टरी के विशाल बॉयलर में करीब एक क्विंटल मादक पदार्थ जलाकर नष्ट किया गया।

भोपाल ग्रामीण रेंज के डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि नष्ट किए गए मादक पदार्थों में डोडाचूरा, स्मैक, गांजा और गांजे के पौधे शामिल थे। यह मादक पदार्थ भोपाल ग्रामीण, राजगढ़, विदिशा और सीहोर जिले से जब्त किए गए थे। इसी प्लांट में कुछ समय पहले उज्जैन संभाग से जब्त किए गए 78 टन मादक पदार्थ का भी नष्टीकरण किया गया था।

## हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। अपर न्यायाधीश मुनेंद्रसिंह वर्मा सीतामऊकी अदालत ने हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार मृतिका ममता बाई की शादी ग्राम टोकड़ा में दिनेश पिता हीरालाल मेहर जाति बलाई के साथ हुई थी। उसके दो लडक़े यश उम्र 12 साल व भवीन उम्र 03 साल के है। दिनेश मेहर आये दिन शराब पीता रहता था, आये दिन शराब पीने के लिये पैसे ममता बाई से मांगता रहता था और पैसे नही देने पर मारपीट करता था।**



13 जनवरी 2024 को मृतिका ममता बाई का बेटा यश घर के अंदर गया। ममताबाई जमीन पर पड़ी थी। सिर से खून बह रहा था। इसके बाद भाई दीपक और काका कालूराम सहित अन्य पहुंचे। ममता के पैर में बिजली के तार से करंट लगा हुआ दिख रहा था। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की। जिसमें पता चला कि मृतिका का पति शराब पीने का आदी था। शराब के लिये पत्नि रुपये नही देती थी। इसी के चलते हुए विवाद में दिनेश ने ममता के सिर पर लोहे की सब्बल से सिर पर गंभीर चोटे पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी। दिनेश घर छोड़कर बाहर चला गया। मृतिका की पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने मृतिका की मृत्यु का कारण सिर पर गंभीर चोटे आने से होना लेख किया। पीएम रिपोर्ट, साक्षीगण के कथन तथा मौके से जप्त मश्रुका परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृतिका ममता की अभियुक्त दिनेश द्वारा सिर पर लोहे की सब्बल से सिर पर गंभीर चोटे पहुंचाकर हत्या की जाना पाया। जिससे अभियुक्त के विरुद्ध धारा 302 भादवि का मामला थाना सुवासरा पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अनुसंधान की संपूर्ण कार्यवाही पूर्व थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय द्वारा की गई।

# प्रोटोकॉल की उड़ रही धज्जियां-चंद्रे


## जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर रहे सीमोलंघन, रिस्पेक्टबल डिस्टेंस समाप्ति की ओर

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। सरकार, समाज, संस्थाएं और परिवार यह आदर के अंतर को मेंटेन करते हुए चलती है। यह अंतर जहां समाप्त हो जाता है, वहां पर फिर अवमानना, निरंकुशता का जन्म होता है, तथा लक्ष्य प्राप्ति में अनेक बाधाएं खड़ी होने लगती है तथा मीडिया भी इन सब की तरफ ध्यान आकर्षित कराते हुए अपने आप को ठगा हुआ महसूस करने लगता है। वर्तमान समय में सरकार के प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि एक दूसरे के आदर के अंतर अर्थात रिस्पेक्टबल डिस्टेंस की सीमाएं और अंतर को भूलते जा रहे हैं। यह बात वरिष्ठ शिक्षाविद रमेशचंद्र चंद्रे कही।**



उन्होंने कहा कि जब कैबिनेट मंत्री, शासकीय अथवा अशासकीय कार्यक्रमों के मंच पर बैठते हैं उस समय किसी भी कलेक्टर या कमिश्नर अथवा पुलिस अधीक्षक को मंच पर बैठने का अधिकार नहीं होता। किंतु अनेक स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारी अपनी मर्यादा भूल जाते हैं मंच पर बैठ जाते हैं तथा कैबिनेट मंत्री भी उनका ध्यान इसलिए आकर्षित नहीं कर पाते क्योंकि उनका साहस उन्हें इस बात की अनुमति नहीं देता और अनेक बार कैबिनेट मंत्री भी इस प्रकार के ज्ञान से वंचित रहते हैं। कई बार देखने को मिला है कि जिला पंचायत अध्यक्ष स्वयं हाथों में गुलदस्ता लेकर नवागत कलेक्टर का स्वागत करने के लिए कलेक्टर कार्यालय में ही चले जाते हैं, जबकि जिला पंचायत का अध्यक्ष जिला सरकार का प्रमुख होता है। बहुत सारे कार्यक्रम में सांसद, विधायकगण और कई जनप्रतिनिधि मंच पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री को भैया और दादा कहकर संबोधन करते पाए जाते हैं, जो प्रोटोकॉल के बिल्कुल विरुद्ध है। जिले के प्रशासन के अधिकारियों के लिए यह भी आवश्यक है कि किसी भी शासकीय कार्यक्रम में, जो जिस क्षेत्र का होता है उसके विधायक और सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष को निमंत्रण पत्र पर नाम छाप कर आमंत्रित करना चाहिए और यह कार्यक्रम नगरीय क्षेत्र में हो तो वहां के नगरपालिका अध्यक्ष को भी मंच पर आमंत्रित करना चाहिए, किंतु अनेक आईएएस अधिकारी, अपनी हठधर्मिता अथवा अहंकार के कारण उन्हें उपेक्षित करने का अथवा दुर्लक्ष करने का जो साहस करते हैं, वह प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाने जैसा ही है।

अनेक बार तो यह भी देखा जाता है कि कैबिनेट मंत्री भी अपने संबोधन में जिला कलेक्टर को माननीय कलेक्टर महोदय कह कर संबोधित करते हैं। किंतु इस प्रकार की शब्दावली भारतीय लोकतंत्र की मान्य परंपराओं के बिल्कुल विरुद्ध है। इसलिए वरिष्ठ राजनेताओं तथा संबंधित राजनीतिक संगठनों को इस विषय में चिंतन मनन करना चाहिए तथा सरेआम प्रोटोकॉल की उड़ती हुई धज्जियों को उड़ने से रोकना चाहिए।



अन्यथा जहां रिस्पेक्टबल डिस्टेंस अर्थात प्रोटोकॉल समाप्त हो जाता हैं, वहां अवमानना, असफलता तथा एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश होने लगेगी। जिसके कारण सरकार के कामकाज प्रभावित होंगे, जनता परेशान होगी और लोकतंत्र की इज्जत में कमी होगी जिसके कारण शासन- प्रशासन पर से जनता का विश्वास उठने लगेगा। अत: इसे संभालना आवश्यक है।

### फ्री में डीजल नही भरा तो पंप पर तोड़फोड़ कर कर्मचारी को पीटा

**पिपलियामंडी, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पंप पर डीजल फ्री नही भरने पर तोड़फोड़ करने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया। मंदसौर कम्बल केन्द्र निवासी भूपेन्द्रकुमार पिता हरिनारायण शर्मा ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे संजीत रोड़ पर गांव ढाबला में स्थित एचपी पंप पर रात्रि में कर्मचारी बलवंतसिंह पंप बंद करके ऑफिस में था। रात्रि में 12 बजे बिना नम्बर की काले रंग की स्कार्पियो में एक व्यक्ति आया, जिसने अपना नाम सिंदपन का उदल राणा बताया, शराब के नशे में आए उक्त व्यक्ति ने डीजल भरने की कहा तो पंप पर कर्मचारी बलवंतसिंह ने पंप बंद होने की बात कही। इस पर उदल राणा ने ऑफिस पर लगे दरवाजे को तोडने की कौशिश की नही टूटने पर आफिस के कांच को स्टेपनी की रिम से फोड़ दिए व कर्मचारी के साथ मारपीट की व धमकी दी कि मैं इस एरिए का दादा हूं, मेरे खिलाफ 25 केस चल रहे है, पंप चलाना है तो फ्री में डीजल भरना पड़ेगा, नही तो पंप में आग लगा दूंगा। इधर नारायणगढ़ टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया आरोपी उदल के खिलाफ तोड़फोड़, अड़बाजी सहित गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी 10 केस दर्ज है, आरोपी आदतन अपराधी है।

### शिक्षक की बोलेरा चोरी

**पिपलियामंडी, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षक की बोलेरो जीप चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया। बिल्लोद निवासी शिक्षक गोविन्दराम पिता बाबलूराम मालवीय ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई मेरी बोलेरा जीप (एमपी 44 बीसी 0824) ड्राइवर सुरेश मालवीय ने दूध डेयरी के पास नापाखेड़ा मार्ग पर लॉक कर खड़ी की थी। जिसे अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामला जांच में लिया।

## इस सप्ताह बारिश का अनुमान, ठंड बढ़ने के भी आसार

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में पिछले 3-4 दिनों से तापमान में उछाल देखने को मिला है। दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आएगा। इसके साथ ही तापमान में भी गिरावट आएगी। हालांकि बारिश की संभावना नहीं बन रही है। जिले में अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि अगले 4 दिन में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहे हैं। लेकिन, प्रदेश में असर कम रहेगा। इस वजह से अब बारिश के आसार नहीं है। 01 और 03 फरवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिम-उत्तर भारत को प्रभावित कर सकता है। इसका असर प्रदेश में कम देखने को मिलेगा। ग्वालियर-चंबल और उज्जैन संभाग में बादल जरूर छा सकते हैं। राजस्थान के उपर ही असर देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम का मिला-जुआ असर रहेगा। सुबह और रात में ठंड रहेगी। इससे ठंड का एक दौर और आ सकता है। पारे में गिरावट होगी। दूसरी ओर दिन में धूप खिली रहेगी।

मंदसौर सहित मध्यप्रदेश में फरवरी के पहले सप्ताह में ठंड का एक और दौर आएगा। हालांकि, कड़ाके की ठंड नहीं पड़ेगी। लेकिन, कई शहरों में पारा 5 से 8 डिग्री के बीच रह सकता है। अगले 2 दिन पारा बढ़ा रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, अगले 4 दिन में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहे हैं, लेकिन प्रदेश में असर कम रहेगा। इस वजह से अब बारिश के आसार नहीं है।मौसम वैज्ञानिक यादव के अनुसार 1 और 3 फरवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिम-उत्तर भारत को प्रभावित कर सकता है। इसका असर प्रदेश में कम देखने को मिलेगा। ग्वालियर-चंबल और उज्जैन संभाग में बादल जरूर छा सकते हैं। राजस्थान के उपर ही असर देखने को मिलेगा। फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम का मिला-जुआ असर रहेगा। सुबह और रात में ठंड रहेगी। इससे ठंड का एक दौर और आ सकता है। पारे में गिरावट होगी। दूसरी ओर, दिन में धूप खिली रहेगी।

# प्रशासनिक अधिकारियों की कार्य प्रणाली को पब्लिक तो समझ रही है जनप्रतिनिधि..!

**मंदसौर / उज्जैन, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय इन दिनों दो घटनाओं के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। एक सीतामऊमें हो रहा साहित्य महोत्सव, जिसे सफल कराने और बहुचर्चित बनाने के लिए कलेक्टर की भूमिका अत्यधिक अति उत्साहित नजर आ रही है। जिले में विपिन जैन को छोड़ सभी जनप्रतिनिधि अधिक अनुभवी और सत्तादारी दल के होने के बाद भी साहित्य महोत्सव को लेकर प्रशासन के विरोध में नहीं है ना ही साथ में है। अत: जिला प्रशासन जो कर रहा है, ठीक ही कर रहा होगा। साहित्य का मामला है, असाहित्यक क्या जाने।



चन्द्रमोहन भगत

सांसद सुधीर गुप्ता ने माना कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा हुई है, फिर तो उनका शिरकत करना भी बेमानी होता। यह सही है कि केंद्रीय राज्य मंत्री भी जिला प्रशासन के निमंत्रण पर आने वाले थे। यह बात भी जनप्रतिनिधियों को उनका कार्यक्रम बन जाने के साथ मिला था। साफ कहें तो शासन के धन की मदद से चलने वाली संस्था को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी कमांड में ले लिया है।

दूसरा मामला पुलिस विभाग की भूमि पर नगर पालिका का संदेही सफाई अभियान। जिसके तहत बगैर विभागीय अनुमति के जिंदा वृक्ष कटवाए, बिजली का खंबा स्थानांतरित करने की बात भी खुद सीएमओ ने स्वीकारी है। हल्ला मच जाने पर बिना मांगे अपना पक्ष रखने के लिए एक वीडियो जारी किया और खुद को इस अनियमित अभियान का जिम्मेदार दर्शा गए। जिले के एकमात्र कांग्रेसी विधायक विपिन जैन ने अपना पक्ष सार्वजनिक कर दिया है। एकमात्र विधायक होने के बाद भी गलत को गलत कहने की हिम्मत दिखा गए। जबकि, सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि जिन्हें सरकार की तरह अधिकार प्राप्त हैं। साहित्य महोत्सव की सहभागिता से परे रखे जाने के बाद भी निहार रहे हैं और अपने दौरा कार्यक्रम की आड़ में शिरकत भी कर रहे हैं। साहित्य महोत्सव का आयोजक जिला प्रशासन के बन जाने से कई दशकों से एक तहसील तक सीमित दायरा रखने वाला नट नागर शोध संस्थान का आयोजन जिला स्तर से भी उंच्चा और बौद्धिक हो गया है?

इसे जिला प्रशासन का साहस भी कहा जा सकता है की तहसील कार्यक्रम को याद रखने लायक बनाने जा रहा है। फिर भले ही इसका आभास जनप्रतिनिधियों को तब हुआ, जब उन्हें निमंत्रण मिला कि किसी को केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ मंच साझा करना था तो किसी को किसी विद्वान के साथ। जनप्रतिनिधि तो बेमन से शामिल भी हो गए पर सत्ताधारी दल के सहयोगी विहिप कार्यकर्ताओं ने खुले मन से संस्था द्वारा आमंत्रित अली ब्रदर्स के कार्यक्रम का इतना कड़ा विरोध किया कि प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया के दखल के बाद निरस्त करना पड़ा। अब यही प्रशासन जिसका नजरिया तेज बौद्धिक प्रगतिशील भी है। तब यह भी खोजा जाना चाहिए कि जिले में आजादी के पहले से ताकायमी कारखाने के लिए आवंटित भूमि का नामोनिशान जिले में कहीं क्यों नहीं रहा! जबकि इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास, सीहोर आदि जिलों में जहां भी कपड़ा मिल, शुगर मिलों के अलावा जिनिंग फैक्ट्रियां और इनसे जुड़े अनेक उद्योगों के लिए तत्कालीन राजघराने से लीज पर भूमिया आवंटित थी। कपड़ा मिलों की भूमि को अब शासन द्वारा बेचा जाकर ही मजदूरों की बकाया राशि दी जा रही है। ऐसी ताकायमी कारखाने की भूमि वर्तमान समय में बेशकीमती होने के साथ प्राइम लोकेशन पर होने के कारण शासन के लिए लाभ का सौदा हो सकता है। ऐसे में अगर मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र में भी ऐसे बंद हो चुके कारखाने की जमीन मिल जाए तो सरकार के लिए लाभ का ही सौदा होगा। मंदसौर जिला तो छोड़िए नगर की स्थिति को ही देख ले, सड़कों पर उगते अतिक्रमण... शेष पेज 4 पर

## किसानों के लिए किए जा रहे नवाचार और मिल रहीं उपलब्धियां

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिये कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों के हित में कई नवाचार किऐ जा रहे हैं और उपलब्धियाँ हासिल हो रहीं है। वर्ष 2024-25 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिशन अंतर्गत 2 लाख से अधिक किसानों को लाभांवित किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत कृषकों को डेढ करोड़ रूपये से अधिक राशि का लाभ प्रदान किया गया है।

वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत 207 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट एवं 644 करोड़ रूपये की वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत की गई है। रबी विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 81 लाख कृषक आवेदनों का 41.49 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के लिए बीमांकन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत 25.79 लाख कृषकों को 755 करोड़ राशि के दावा भुगतान किये गये। किसानों को शीघ्रता से हरसंभव दावा भुगतान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**बीज से संबंधित एक वर्ष की उपलब्धि**–खरीफ 2024 में कुल 22.87 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का शासकीय, सहकारी एवं पंजीकृत निजी बीज उत्पादक संस्थाओं के माध्यम से वितरण किया गया। प्रदेश के कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्धता के लिये संभाग स्तर पर 10 बीज परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित हैं। वर्ष 2023-24 में 21920 बीज नमूना विश्लेषण के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 17376 बीज नमूने लिये जाकर 14085 नमूने बीज परीक्षण प्रयोगशाला में विश्लेषित किये गये। जिसमें 12955 मानक तथा 1130 अमानक पाये गये। अमानक नमूनों में 1070 विक्रय प्रतिबंधित, 186 लाइसेंस निलंबन तथा 70 लाईसेंस निरस्त किये गये। खरीफ 2024 में 13140 बीज नमूना विश्लेषण के लक्ष्य के विरूद्ध कुल 10235 नमूने लिये गये एवं 10212 विश्लेषित किये गये। जिसमें 9422 मानक तथा 790 अमानक पाये गये। अमानक नमूनों में 534 विक्रय प्रतिबंधित, 25 लाइसेंस निलंबन तथा 8 लाईसेंस निरस्त किये गये।

**राष्ट्रीय मिशन ऑन ईडीबल ऑईल तिलहन**–वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्य योजना अनुसार 3629.05 लाख रूपये का आवंटन जिलों को जारी किया गया, जिसके विरुद्ध जिलों द्वारा 1991.45 लाख रूपये का व्यय किया गया है।

**रेनफेड ऐरिया डेवेलपमेंट**–योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में 144.35 लाख रूपये व्यय किये जाकर 1392 हेक्टेयर क्षेत्र के कृषको को लाभान्वित किया गया।

**सब मिशन ऑन एग्रोफारेस्ट्री योजना**–सब मिशन ऑन एग्रोफारेस्ट्री योजना में वर्ष 2023-24 में 141 लाख रूपये व्यय किये जाकर 4 नर्सरियों को लाभान्वित किया गया।

**बलराम तालाब**–प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत बलराम तालाब योजना में कृषकों को स्वयं के व्यय पर तालाब निर्माण निर्माण पर सामान्य कृषकों को लागत राशि का 40 प्रतिशत अधिकतम राशि रु. 80 हजार रूपये, लघु सीमान्त कृषकों को लागत राशि का 50 प्रतिशत अधिकतम राशि, 80 हजार रूपये तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के कृषकों को लागत राशि का 75 प्रतिशत अधिकतम एक लाख रूपये का अनुदान दिए जाने का प्रावधान निहित है। वर्ष 2023-24 में 569.30 लाख व्यय किये जाकर 662 बलराम तालाब निर्मित किये गये गये हैं। विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिये राशि रुपये 5308.34 का वित्तीय लक्ष्य एवं 6144 बलराम तालाब निर्मित किये जाने का भौतिक लक्ष्य रखा गया है।

**फसल विविधीकरण**–फसल विविधीकरण योजनान्तर्गत 6726 किसानों के साथ 4797 हेक्टेयर में विविधीकरण कार्य किया गया है एवं अभी तक लगभग 983.45 लाख रुपये का बायबैक किया गया है।

# मनासा के पूर्व विधायक का बेटा प्यार की खातिर बना चेन स्नेचर

**मनासा, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मनासा के पूर्व विधायक बेटा घर से भागकर अहमदाबाद आ गया और एक लड़की के प्यार में पड़ा। लेकिन, जब कुछ हजार की नौकरी में प्रेमिका के शौक पूरे न कर सका तो वह अपराधी बन गया।



पागल युवक जब लड़की के मौजशौक पूरे नहीं कर सका तो अंतत: अपराध की ओर मुड़ गया।

अहमदाबाद शहर के घाटलोडिया थाने के लॉकअप में कैद चेन स्नेचर कोई आदतन अपराधी नहीं, बल्कि प्यार में अंधा हुआ प्रेमी है। प्रेमिका के शौक पूरे करने के लिए इस युवक पर चेन स्नेचिंग करने के आरोप हैं। लेकिन, अपने इस मिशन में सफल होने से पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक से पूछताछ करने पर उसकी सच्चाई सुनकर पुलिस के पैरों तले जमीन खिसक गई। गिरफ्तार युवक मध्य प्रदेश के एक ताकतवर कांग्रेस नेता और मनासा के पूर्व विधायक का बेटा है। युवक अपने माता-पिता और घर को छोड़कर अहमदाबाद आ गया और 15 हजार रुपए की नौकरी करने लगा। नौकरी के दौरान, युवक को एक युवती से प्रेम हो गया। लेकिन, प्रेम में

बता दें की अहमदाबाद शहर में हर दिन चेन स्नेचिंग की घटनाएं होती रहती हैं। अहमदाबाद के लोग चेन स्नैचरों के डर में रहते हैं, उन्हें डर रहता है कि कहीं उनके गले से चेन न छीन ली जाए। लोग अक्सर सोचते हैं कि अलग-अलग चेन स्नेचिंग गिरोह हैं जो पैदल यात्रियों और मोटर चालकों को निशाना बनाते हैं। इस बीच, घाटलोडिया पुलिस की गिरफ्त में एक ऐसा युवक आया है, जिसने किसी गिरोह के लिए नहीं, बल्कि अपनी गर्लफ्रेंड के लिए पहली बार चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। थलतेज इलाके में जयअंबेनगर सोसाइटी में किराए के मकान में रहने वाले 25 वर्षीय प्रद्युम्नसिंह विजेंद्रसिंह चंद्रावत फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। प्रद्युम्न सिंह ने कुछ दिन पहले एक महिला के गले से चेन छीन ली थी। 25 जनवरी की रात मेमनगर के राजवी टॉवर निवासी 65 वर्षीय वसंतीबेन अय्यर पैदल जा रही थीं, तभी एक युवक ने चेन कटर से उनके गले से ढाई तोले की चेन तोड़ ली और भाग गया। युवक भी पैदल आया था और चेन छीनकर भाग गया। इस मामले में वसंतीबेन ने घाटलोदिया पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जब पुलिस ने वसंतीबेन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि चेन स्नेचिंग की वारदात को प्रद्युम्न सिंह ने अंजाम दिया है। पुलिस ने प्रद्युम्न सिंह को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की। प्रद्युम्न सिंह मध्य प्रदेश के नीमच जिले के मालहेड़ा गांव का निवासी हैं। प्रद्युम्न सिंह के पिता विजेंद्र सिंह चंद्रावत मध्य प्रदेश के मनासा के पूर्व विधायक है। प्रद्युम्न सिंह घर से ऊब गया था, इसलिए वह अहमदाबाद आ गया था और किराए के मकान में रह रहा था। प्रद्युम्न सिंह 15 हजार रुपए वेतन पर काम कर अपना गुजारा कर रहा था। प्रद्युम्न सिंह को एक लड़की से प्यार हो गया, जिससे उसके खर्चे बढ़ गए। प्रद्युम्न सिंह जिस लड़की से प्यार करता है वह अहमदाबाद की रहने वाली है और पुलिस ने उसकी भी जांच शुरू कर दी है। उसकी प्रेमिका के खर्चे ज्यादा थे, जिसके चलते प्रद्युम्न सिंह ने अपराध के रास्ते पर चलने की योजना बनाई। अपनी प्रेमिका को खुश रखने के लिए उसने पैसे कमाने के शॉर्टकट के रूप में चेन स्नैचिंग करने का फैसला किया। अपनी प्रेमिका को पाने के लिए उसने 25 जनवरी को वसंतीबेन अय्यर के गले से चेन छीन ली। लेकिन, कुछ ही दिनों में वह पकड़ा गया। अपनी प्रेमिका को खुश करने के लिए प्रद्युम्न सिंह ने अपराध का सहारा लिया, जिससे उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई। शहर में चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ रही थीं और पुलिस इन्हें रोकने के लिए कमर कस रही थी। इसी दौरान मेमनगर इलाके में चेन स्नेचिंग की एक घटना हुई। बुजुर्ग के गले से ढाई तोला सोने की चेन छीने जाने की सूचना मिलते ही पुलिस एक्शन मोड में आ गई। वसंतीबेन द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद, पुलिस ने गहन जांच शुरू की और मानव संसाधन को इसमें शामिल किया। आरोपी ह्यूमन सोर्स की मदद से न पकड़े जाने के बाद पुलिस ने तीसरी आंख माने जाने वाले सीसीटीवी की मदद ली, पुलिस ने मेमनगर समेत उस जगह पर लगे 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जहां प्रद्युम्न की गाड़ी का पता लगा। जिससे आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आया। पुलिस ने सोने के जेवरात जब्त कर उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

## 10 फरवरी तक बंद रहेगा पोर्टल

**नीमच, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** समग्र पोर्टल को 2.0 में अपग्रेड किया जा रहा है, जिससे 5 से 10 फरवरी 2025 तक समग्र पोर्टल बंद रहेगा। लोक सेवा केन्द्र प्रबंधक ने बताया कि एमपीएसईडीसी द्वारा संचालित समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस समग्र पोर्टल, एसपीआर, बीपीएल पोर्टल और बेव सर्विसेज फॉर एपीआई को शीघ्र ही नये सर्वर इंफ्रा पर माइग्रेट करने की प्रक्रिया की जानी है, इसलिए नए सर्वर इंफ्रा पर माइग्रेट करने से समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होकर समग्र एप्लीकेशन के माध्यम से बेहतर सेवाएँ प्रदान की जा सकेंगी। अपडेशन कार्य हेतु 31 जनवरी से 10 फरवरी 2025 तक रात्री तक https:/mpedistrict.gov.in पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को पूर्णत: बंद रहेंगे।

## उपमुख्यमंत्री ने अमलेश्वर महादेव मंदिर दर्शन कर जीर्णोद्धार की जानकारी प्राप्त की

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के अफ़ीम गोदाम स्थित प्राचीन शिवालय श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने पूजन दर्शन किए।



पुजारी पंडित सौरभ शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कराई। श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य और गति के बारे में मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित गोपाल गुरु दिलीप शर्मा , विक्रम विद्यार्थी ,डॉ घनश्याम बटवाल , नीरज नीमे आदि ने श्री देवड़ा को कार्ययोजना की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने मंदिर गर्भगृह , निर्माणाधीन ग्रेनाइट , मार्बल , पत्थर आदि को स्वयं देखा और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचीन शिवालय जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र पूर्ण होना चाहिए। वर्तमान में सभाग्रह छत , दीवारें जर्जर होरही है आपने समाज से अपील की और कहा कि देवस्थान सनातन की आस्था के केंद्र हैं इनके संरक्षण और जीर्णोद्धार सर्व समाज को मिलकर करना चाहिए। ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित गोपाल गुरु ने मंदिर की निर्माणाधीन और प्रस्तावित कार्ययोजना के ब्लू प्रिंट , नक़्शे के साथ श्री देवड़ा को बताया एवं मंदिर में स्थापित होने वाले संगमरमर से निर्मित श्रीरामदरबार प्रतिमाओं के वर्चुअल दर्शन कराए। प्रतिमाएं जयपुर में बनकर तैयार हैं जिनकी स्थापना अमलेश्वर मंदिर परिसर में होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं जनपरिषद अध्यक्ष डॉ घनश्याम बटवाल ने आरती और मंत्र संग्रह पुस्तिका ' आराधना ' उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा को सम्मान सहित भेंट की। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा का स्वागत स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी , धर्मसेवी श्री अशोक गुप्ता , जिला इंटक उपाध्यक्ष श्री विक्रम विद्यार्थी , श्री रामसिंह शक्तावत , श्री बाबूलाल शर्मा , श्री लक्ष्मीनारायण कुमावत , पारीक ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्री शरदचंद्र पारीक , श्री सत्यनारायण शर्मा श्री सत्यनारायण मालवीय आदि ने किया। आभार ट्रस्ट सचिव श्री दिलीप शर्मा ने माना।



## सांसद ने किया युवा प्रेस क्लब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला युवा प्रेस क्लब के विगत दिवस लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में चरण राजपाल अध्यक्ष, सचिव चित्रेश सोनी, उपाध्यक्ष अशोक परमार, कोषाध्यक्ष ललीत भाटी और विजयेन्द्र फांफरिया सह - सचिव पद पर निर्वाचित हुए थे। उनके विजय होने पर विगत दिनों क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि युवा प्रेस क्लब के सभी सदस्यगण व पूर्व पदाधिकारीगण बधाई के पात्र है जो संगठन में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव करवाकर अपने पदाधिकारियों का चयन करते है, सभी को बधाई जनहित में कार्य करते रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज जैन, बंशी राठौर, पत्रकार रूपेश सोलंकी, अभिभाषक और पत्रकार संतोष परसाई, संपादक निलेश भारद्वाज और शुभम सोलंकी उपस्थित थे।

## हादसे की शिकार छात्रा को न्याय मिले एवं दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव गुर्जरबड़िया के सीएम सनराईज स्कूल में एक 11 वीं कक्षा की छात्रा बस ड्राइवर की लापरवाही के चलते असमय मौत के मुंह में समा गई। घटना बेहद गंभीर है। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर अध्यक्ष शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर में जिम्मेदारों से मांग करता हूं कि इस घटना के दोषियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए एवं भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो इसके लिए अत्यंत सतर्कता बरती जाए। भगवान श्री पशुपतिनाथ जी से प्रार्थना है कि बिटिया की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान एवं शांति देवे तथा शोकाकुल परिवार को इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## जिला अस्पताल में पहली बार जटिल सिंडैक्टिली सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिविल सर्जन डॉ डीके शर्मा द्वारा बताया गया कि, जिला अस्पताल मंदसौर में चिकित्सा क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की गई है। पहली बार यहां जटिल सिडैक्टिली (Syndactyly) सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यह सर्जरी 14 वर्षीय किशोर पर की गई, जिसकी उंगलियां आपस में जुड़ी हुई थीं।



मरीज की उंगलियों को अलग करने के बाद उभरे कच्चे घावों (Raw Areas) को ढकने के लिए फोरआर्म (हाथ के अगले हिस्से) से त्वचा लेकर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। इस प्रक्रिया से उंगलियों को सही आकार और सुरक्षा मिल सकी, जिससे मरीज को भविष्य में कोई दिक्कत न हो।इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. शुभम जैन और डॉ. सिद्धार्थ शिंदे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। चिकित्सकों की टीम ने बारीकी से ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिससे मरीज की जुड़ी हुई उंगलियां अलग हो सकीं और उसे सामान्य जीवन जीने में मदद मिलेगी। जिला अस्पताल प्रशासन के अनुसार, मंदसौर में यह पहली बार इतनी जटिल सर्जरी की गई है, जो स्थानीय चिकित्सा सेवाओं के स्तर में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाती है। इस सफलता के बाद अब जटिल सर्जरी के लिए मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। मरीज की स्थिति अब स्थिर है, और डॉक्टरों के अनुसार, कुछ समय में वह पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकेगा।

## डाइट मंदसौर के छात्राध्यापकों ने जोन स्तरीय प्रतियोगिता में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के तत्वावधान में डाइट शाजापुर में सात डाइट के मध्य आयोजित खेलकूद एवं साहित्यिक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर डाइट मंदसौर के छात्राध्यापकों ने ट्रॉफी प्राप्त की।



उल्लेखनीय है कि डाइट शाजापुर में 28 से 30 जनवरी तक तीन दिवसीय विभिन्न प्रकार की साहित्य एवं खेलकूद प्रतियोगिता जैसे वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, कहानी वाचन, कविता लेखन, शतरंज, कैरम, कबड्डी एवं एथलेटिक्स आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें डाइट मंदसौर के 52 छात्राध्यापकों द्वारा सहभागिता करते हुए 19 इवेंट में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर झोन स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठप्रदर्शन किया। छात्राध्यापकों के समूह का नेतृत्व संस्थान के व्याख्याता द्वय श्री आर डी जोशी एवं श्री रामेश्वर डांगी ने किया। इस अवसर पर संस्थान की कार्यालय सहायक श्रीमती बंधवार भी छात्राओ के मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रही है। जोन स्तरीय प्रतियोगिताओ में सर्वश्रेष्ठप्रदर्शन पर संस्थान के प्राचार्य डॉ दिलीप सिंह राठौर एवं वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार सेठिया द्वारा समस्त छात्र अध्यापक एवं संस्थान के समस्त कर्मचारीयों को शुभकामनाएं प्रेक्षित कर उन्हे बधाई दी साथ ही समस्त छात्राध्यापकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तैलिया तालाब कैनाल की जगह एप्रोच रोड़ बनाना बड़ा षडयंत्र-टूटेजा

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के प्रमुख पेयजल स्तोत्र तैलिया तालाब को भरने वाली कैनाल पर एप्रोच रोड बनाना एक बड़े षडयंत्र का हिस्सा है। सबसे बडी बात यह है कि इस घटनाक्रम के एक सप्ताह बाद भी कार्यवाही होना तो दूर जिम्मेदार यह भी पता नहीं लगा पायें कि एप्रोच रोड बना कौन रहा था।



उक्त बात कहते हुए जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मनजीतसिंह टूटेजा ने कहा कि मेडीकल कॉलेज के पीछे तैलिया तालाब को भरने वाली कैनाल पर एप्रोच रोड बनाने का कार्य 30 से 40 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका था। मौके पर बिजली के खंभे तक मिलें लेकिन पूरे घटनाक्रम के एक सप्ताह बाद भी जिम्मेदार यह कार्य किसी व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था उसका पता नहीं लगा पाई। श्री टूटेजा ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जिला प्रशासन की नाक के नीचे अर्थात कलेक्टर कार्यालय से महज एक किलोमीटर की दूरी पर इतना बडा काम हो रहा था और किसी को खबर तक नहीं। मामले की सबसे बडी बात यह भी है कि जहां सडक का निर्माण हो रहा था वह भूमि पुलिस विभाग को आवंटित है लेकिन रोड बनाने वाले ने यह भी नहीं सोचा और रोड का काम शुरू कर दिया मतलब प्रदेश के भाजपा शासन में पुलिस की जमीने भी सुरिक्षत नहीं है तो आम व्यक्ति की स्थिति क्या होगी। श्री टूटेजा ने कहा कि मंदसौर जिला मुख्यालय पर जहां पर यह कांड हो गया वहां स्वयं प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर निवास करते है वहीं नगर पालिका , जिला पंचायत, जनपद पंचायत सभी में भाजपा की सरकारें है लेकिन इन सबके बावजूद जिला प्रशासन ने यह पता नहीं लगा पाया कि उक्त कारनामा किस व्यक्ति ने किया है। श्री टूटेजा ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा षडयंत्र है जिसकी निष्पक्ष रूप से जांच होना चाहिए आपने मप्र शासन ने मांग कि है कि एक समिति का गठन किया जायें जो इस पूरे मामले की जांच कि जायें और उस समिति में ऐसे सदस्य जिसकी जमीन उक्त क्षेत्र में ना हो तभी इस मामले का खुलासा हो पायेंगा। आपने कहा कि मौके पर आज भी सडक बनाने में इस्तेमाल होने वाला रोलर पड़ा है जिसकी भी जांच हो तो यह काम किसके कहने पर चालू हुआ था वह व्यक्ति भी सामने आ जायेंगा।

## कुशवाह समाज ने समाज हित में लिए निर्णय

**मनासा, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** समीप श्री चारभुजा ढंढेरी में 29 जनवरी को सकल कुशवाह समाज के 18 गांवों की छोकरा पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित समाज के समस्त पंचो की सर्व सहमति से समाज सुधार की कडी में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।उक्त जानकारी देते हुवे सकल छोकरा पंचायत अध्यक्ष मदनलाल कुशवाह, मनासा पंचायत कुशवाह समाज अध्यक्ष सुरेश कुशवाह ने ढंढेरी चारभुजा में आयोजित 18 गांव की छोकरा पंचायत की महत्वपूर्ण मीटिंग में समाज हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुवे बतलाया की समाज में मृत्युभोज में किसी भी प्रकार की मिठाई नही बनाएंगे। और संबंधित व्यक्ति अगर किसी भी प्रकार कि मिठाई बनाता है तो दण्ड स्वरुप सर्वप्रथम अपनी समाज पंचायत में 151000 / एक लाख इक्यावन हजार रुपये दण्ड स्वरुप जमा करवाना पड़ेगा। छोकर पंचायत में, समाज में शादी, मानता, मौसर एवं सभी प्रकार सामाजिक कार्यकम में प्रोत्साहन स्वरुपं कपडें मान्य नही होंगे केवल ससुराल व ननिहाल पक्ष के कपडे ही मान्य होंगे। कुशवाह समाज के पदाधिकारियों ने बतलाया की समाज के पंचों द्वारा लिए गए इन महत्वपूर्ण निर्णयों से समाज व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया जा सकेगा साथ ही फालतू के खर्चों पर रोक लगेगी।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 2 फरवरी 2025 , रविवार को प्रात: ठीक 8.15 बजे संजीत रोड पुल के पार, मन्दसौर से प्रारम्भ होकर स्नेहनगर, नवकार टाउनशिप व आसपास के क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात:9 से9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल संजीत रोडपुल के पार, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 30 | 2351 | 2722 |
| उड़द | 33 | 48000 | 5999 |
| सोयाबीन | 4200 | 3550 | 4260 |
| गैहु | 1764 | 2900 | 3080 |
| चना | 65 | 4701 | 5800 |
| मसुर | 50 | 5201 | 5751 |
| धनिया | 453 | 5800 | 4700 |
| लहसुन | 17000 | 3000 | 9000 |
| मैथी | 255 | 4000 | 5325 |
| मुंगफली | 960 | 3950 | 4760 |
| अलसी | 1231 | 5550 | 5900 |
| सरसो | 338 | 4810 | 5358 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 40 | 8000 | 11300 |
| प्याज | 5500 | 510 | 2140 |
| कलोंजी | 4 | 11300 | 16800 |
| तुलसी बीज | 4 | 15000 | 15351 |
| डॉलर | 12 | 7580 | 9200 |
| तिल्ली | 20 | 8631 | 9000 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 150 | 8151 | 9370 |
| चियाबीज | 30 | 12800 | 15802 |


## कार्यालय नगर परिषद भानपुरा जिला मंदसौर मप्र

क्रमांक/121/न.प./2025 भानपुरा दिनांक -31.01.2025

### भवन/भूमि स्वामियों का नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -नगर पालिका अधिनियम 1968 की धारा 150-151 के अंतर्गत इस कार्यालय मे निम्नानुसार आवेदन/ आवेदकगणो द्वारा नगर परिषद रिकार्ड में दर्ज निम्नानुसार आधारों पर गृह स्वामियो ने अपने नाम के सम्मुख दर्षित माध्यम अनुसार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन (प्रकरण) प्रस्तुत किया है। परिवर्तन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के उपरांत आवेदन/आवेदकगणो का नाम रजिस्टर हाउस में संबंधित गृह क्रमांक पर अंकित किया जावेगा और आपकी कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्रं. | प्र.क्रं. | हस्तातरणकर्ता का नाम | हस्तांतरितती का नाम | हस्तांतरित की जाने वाली सम्पत्ति | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | सोहनबाई, अशोक, राजू, बद्री, लीलाबाई पिता कन्हैयालाल | जगदीश सोनी पिता मांगीलालजी सोनी | भवन क्रमांक 393/5 लोटखेड़ी गेट के अंदर वार्ड 04 | विक्रय पत्र |
| 2 | 9 | नारायण पिता नंदाजी माली | कैलाशचंद्र, रमेशचंद्र, श्यामलाल पिता नारायणजी माली | भवन क्रमांक 585 गांधी सागर रोड वार्ड 09 | वंशानुक्रम |
| 3 | 10 | सत्यनारायण पिता भंवरलाल तंबोली | रचना पति भूपेन्द्रकुमारजी | भवन क्रमांक 1999 गुर्जर मोहल्ला वार्ड 14 | विक्रय पत्र |
| 4 | 11 | माणकचंद्र पिता कुंदनमलजी जैन | पुष्पा जैन, कोमलचंद्र, मनोज, भागचंद्र, अशोक, अजय पिता माणकचंद्रजी | भवन क्रमांक 1905/2 खाई कुईया के पास वार्ड 13 | वंशानुक्रम |
| 5 | 12 | बसंतीलाल पिता हीराजी | गीताबाई पति पुरीलाल, सुरेश पिता बसंतीलाल सुनील, सुनीता, पूजा पिता पूरीलाल | भवन क्रमांक 1170/ खटीक मोहल्ला वार्ड 08 | वंशानुक्रम |
| 6 | 13 | तुलसीदास बालकदासजी वधवा | नारायणदेवी पति तुलसीदास, गुलशन, दिव्या ज्योति पिता तुलसीदास, ममता पति भरत भूमिका, सौरभ पिता भरतकुमार | भवन क्रमांक 177 पंजाबी कालोनी राम मंदिर के पास वार्ड 02 | वंशानुक्रम |
| 7 | 14 | अल्ताफ हुसैन गुलाम रसूल जी | महावीर भंडारी पिता राजेन्द्रकुमार भंडारी | भवन क्रमांक 1236 मोची मोहल्ला वार्ड 10 | विक्रय पत्र |
| 8 | 15 | शैलेन्द्र सोहनलाल चौरड़िया | पवन, संदीप पिता सत्यनारायणजी | भूखण्ड क्रमांक 63, 64, 65 ब्रजधाम कालोनी वार्ड 01 | विक्रय पत्र |
| 9 | 16 | शैलेन्द्र सोहनलाल चौरड़िया | विजय, पंकज पिता नंदकिशोर | भूखण्ड क्रमांक 66, 67, 68 ब्रजधाम कालोनी वार्ड 01 | विक्रय पत्र |
| 10 | 17 | फिरोज, पुरीदा, हमीदा, शमीम बानो हसीना बी, इसरार एहमद अफजल पिता निसार एहमद | मो.नफीस सिदिकी अब्दुल हकीम सिदिकी | भवन क्रमांक 364 छत्री वार्ड 15 | वंशानुक्रम |
| 11 | 18 | विद्यासागर प्रतिमा पिता बाबुलालजी तिवारी | प्रवीणकुमार रमेशचंद्रजी | भूमि सर्वे क्र.1261/1/1/1/3 रकबा 0.0012 हे. 1275 वर्गफीट गांधी सागर रोड वार्ड 01 | विक्रय पत्र डायवर्शन |
| 12 | 19 | राकेशकुमार पिता पृथ्वीराज विश्वकर्मा | धापूबाई पति ताराचंद्रजी सोलंकी | भूमि सर्वे क्रमांक 1305/मिन-1/मिन-18/मिन-2 रकबा 0.006 हे. याने 675 वर्गफीट कोचर कालोनी | विक्रय |
| 13. | 20 | कमलाबाई बसंतकुमार भाटी | भोपालसिंह, किशोरसिंह, भगतसिंह, प्रहलाद सिंह, नंदकुंवर, युगलकिशोरी, चंदनसिंह पिता बसंतकुमार | भवन क्रमांक 226/01 नया बस स्टेण्ड वार्ड 03 | वंशानुक्रम |
| 14 | 21 | कमलाबाई बसंतकुमार भाटी | भोपालसिंह, किशोरसिंह, भगतसिंह, प्रहलाद सिंह, नंदकुंवर, युगलकिशोरी, चंदनसिंह पिता बसंतकुमार | भवन क्रमांक 197/01 लोदा मोहल्ला वार्ड 03 | वंशानुक्रम |
| 15 | 22 | पदमाबाई पति महावीर जैन | रानी, सुलेखा, अतिमा, आदित्य पिता महावीर जैन | भवन क्रमांक 1251/02 शीतलामाता मोहल्ला वार्ड 10 | वंशानुक्रम |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विनोद शिव भानपिया<br>अध्यक्ष<br>नगर परिषद भानपुरा | रेहाना डॉ. जाकिर<br>उपाध्यक्ष<br>नगर परिषद भानपुरा | मकसूद अंसारी<br>प्रभारी राजस्व<br>नगर परिषद भानपुरा | विनोद शर्मा<br>मुख्य नगरपालिका अधिकारी<br>नगर परिषद भानपुरा |

# नहीं मिली राहत, आवेदन की तारीख बढ़ाई

## [ 610 स्कूलों की मान्यता हो रही हैं समाप्त ]

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्कूलों की मान्यता के लिए तैयार मापदंड का विरोध करते हुए एक दिन पहले गुरुवार को एमपी बोर्ड से संचालित स्कूल संचालकों ने स्कूल बंद रख ज्ञापन सौंपा। इधर 31 जनवरी मान्यता के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख थी। दिनभर स्कूल संचालक आवेदन करते रहे। करीब सवा दो सौ आवेदन आखिरी तारीख की शाम तक आए। हालांकि शाम को राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी करते हुए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर सात जनवरी कर दी है। किन्तु मान्यता के मापदंडों में शिथिलता के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं हुए है।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार निजी स्कूलों के नवीनीकरण के लिए स्कूलों को हर तीन साल में नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। जिले में अभी कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले 655 निजी स्कूल हैं। इनमें से 610 स्कूलों की मान्यता इसी सत्र में समाप्त हो रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 23 जनवरी तक आवेदन करने की अंतिम तिथि है। वहीं 22 जनवरी तक 254 आवेदन आए है। आवेदन करने के बाद मान्यता की राह आसान नहीं होगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। खेल मैदान, ट्रेंड स्टॉफ के साथ पहुंच मार्ग भी सही होना मान्यता के लिए जरुरी होगा।

बता दें कि नवीन शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों के लिए मान्यता के मानक पूरे करना भी कठिन हो गया है। जिन स्कूलों के पास खेल मैदान से लेकर ट्रेंड टीचिंग स्टाफ पदस्थ नहीं होगा, उन्हें शिक्षा विभाग मान्यता प्रदान नहीं करेगा। मान्यता के मानक पूरे हो रहे हैं या नहीं, इसकी जांच के लिए विभागीय टीम निजी स्कूलों में पहुंचकर अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को महीनेभर में प्रस्तुत करेगी।

### एसोसिएशन ने कहा 18 हजार स्कूल बंद होने के कगार पर...

प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक मान्यता नवीनीकरण में जो तानाशाही दिखाई गई है, वह मध्य प्रदेश के स्कूल संचालकों, शिक्षकों एवं कार्यरत कर्मचारियों के दमन का रास्ता है। मंदसौर में छह सौ से ज्यादा तो मध्य प्रदेश में लगभग 18,000 से अधिक स्कूल बंद होने की कगार पर हैं। ये स्कूल विगत वर्षों से इसी विभाग से मान्यता प्राप्त कर संचालित हैं। एक तरफ निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 कहता है कि शिक्षा निशुल्क होनी चाहिए। वहीं 30 से 40 हजार रुपए सावधि जमा और रजिस्टर्ड किरायानामा यह दर्शाता है कि शिक्षा विभाग के लिए शिक्षा व्यवसाय बन गया है।

### सवा लाख से अधिक कर्मचारी बेरोजगारी की कगार पर...

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि सरकार ने मान्यता के नियमों को बहुत जटिल बना दिया है। जिससे सबसे अधिक कठिनाई ग्रामीण जिलों में हो रही है। वहीं एफडी अमाउंट भी लिया जा रहा है। सत्र 2025-26 की मान्यता में कई स्कूलों के बंद होने की आशंका है। स्कूल बंद होने से उनमें कार्यरत शिक्षक और कर्मचारी बेरोजगार हो सकते हैं। इससे जुड़े संस्थान भी प्रभावित होंगे। बच्चों की शिक्षा पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। वर्तमान में प्राइवेट स्कूलों से राजस्व बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जबकि, पहले शिक्षा के महत्व को समझते हुए मान्यता नियमों को सरल रखा गया था। ऐसे में सवा लाख से अधिक शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों के बेरोजगार होने की आशंका है।

**इनका कहना...**

31 जनवरी मान्यता के लिए आवेदन की अंतिम तारीख थी। अंतिम दिन कई आवेदन आए। लेकिन, शाम को आदेश जारी हुआ। जिसमें आवेदन की तारीख बढ़ाकर 07 जनवरी कर दी गई है।

**भगवतीलाल शर्मा, मान्यता प्रभारी, जिला शिक्षा विभाग मंदसौर**



# सर्व सुविधा युक्त सीएम राइज स्कूल से बच्चों का गुणात्मक शैक्षणिक विकास होगा-उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने 1 करोड़ 31 लाख से निर्मित एसडीएम कार्यालय एवं 33 करोड़ 66 लाख से निर्मित सीएम राइज स्कूल मल्हारगढ़ का लोकार्पण किया

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ में 33 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीएम राइज स्कूल मल्हारगढ एवं 1 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत से निर्मित एसडीएम कार्यालय मल्हारगढ का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, श्री राजेश दीक्षित, श्री मदन लाल राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, मल्हारगढ एसडीएम श्री रविंद्र परमार, प्राचार्य, स्कूल के छात्र-छात्राएं, पत्रकार मौजूद थे।

लोकार्पण अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि ऐसे गरीब परिवार जो बच्चों को प्राइवेट स्कूल में नहीं पढा सकते। माता-पिता की बहुत इच्छा होती है कि उनके बच्चे अच्छे स्कूल में पढे। लेकिन ऐसे गरीब परिवारों की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए सर्व सुविधायुक्त सीएम राइज स्कूल बनाए गए। जहां पर बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेल गतिविधियां और हर सुविधा मिलेगी।शासकीय विद्यालय ऐसे बन रहे हैं जिसमें हर व्यक्ति अपने बच्चों को पढने के लिए भेज सकते है। जहां पर सारे विषय पढाए जाएंगे। सारी सुविधा होगी। सरकार ने गरीब व्यक्ति के लिए, महिलाओं के लिए, किसानों के लिए, युवाओं के लिए काम किया है। उनकी चिंताओं को समझा है। सरकार ने आगामी 25 साल का रोड मैप बनाया है। उस पर सरकार काम कर रही है। विकास का रास्ता बनाया है। सरकार जनता की तकलीफ को दूर करने के लिए बनी है। सरकार ने अपने राजधर्म का पालन किया है। हर हाथ में काम हो, इलाज हो, शिक्षा का प्रबंध हो। यह सरकार ने करके दिखाया है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों को फ्री में इलाज मिल रहा है। सरकार ने 5 लाख का गारंटी कार्ड दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पाटीदार द्वारा कहा गया की शिक्षा संस्कारों की रक्षा के लिए जरूरी है। सामाजिक बनने के लिए, विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा स्वस्थ मानसिकता को जन्म देती है। श्री राजेश दीक्षित द्वारा कहा गया कि शिक्षा और स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। शिक्षा के लिए बड़े-बड़े सीएम राइज स्कूल बनाए गए। सड़कों का जाल बिछाया गया। स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरे इसके लिए स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए। लोकार्पण के बाद टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों को मंच से फुट बास्केट प्रदान किए गए।

**उप मुख्यमंत्री ने बरखेड़ा देव में उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपजून एवं टकरावद में हाई स्कूल भवन का लोकपर्ण किया**–उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने बरखेड़ा देव में 65 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपजून किया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारड़ा में मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया एवं टकरावद में 1 करोड़ 72 लाख 14 हजार से निर्मित हाई स्कूल भवन का लोकपर्ण किया। भूमिपूजन और लोकार्पण अवसर पर श्री राजेश दीक्षित, श्री मदन लाल राठौर सहित सभी जनप्रतिनिधि, मल्हारगढ एसडीएम श्री रविंद्र परमार, प्राचार्य, स्कूल के छात्र-छात्राएं, पत्रकार मौजूद थे।भूमि पूजन और लोकार्पण अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर हो रही हैं। उप स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज बनाए जा रहे हैं। जिससे हर गरीब व्यक्ति को बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है।

टीबी मुक्त भारत अभियान पूरे देश में चल रहा है। सभी निक्षय मित्र बने और टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान करें। हम सभी के संकल्प से भारत टीबी मुक्त होगा। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों को फ्री में इलाज मिल रहा है। सरकार ने 5 लाख का गारंटी कार्ड दिया है। देश को विश्व गुरु के स्थान पर लाने का संकल्प सरकार ने लिया है। प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि 2047 में देश विश्व की सबसे बड़ी ताकत होगी। 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होंगे। इसके लिए सरकार ने आगामी 25 साल का रोड मैप बनाया। 25 साल बाद देश कैसा होगा यह सरकार ने संकल्प लिया। आर्थिक रूप से देश संपन्न होगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति होगी। मल्हारगढ क्षेत्र में अनगिनत विकास हुए हैं। सड़कों का जाल बिछाया गया है। जहां पर सड़क नहीं बन पाई उनको भी शीघ्र बनाया जाएगा।

## चेक अनादर मामले में 6 माह का कारावास व अर्थदंड

**मनासा, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2021 में आरोपी अभिमन्यु व चंदाबाई लोहार निवासी भाटखेड़ी तहसील मनासा के द्वारा परिवादी पूरणमल पिता शंकर लाल जी धोबी निवासी भाटखेड़ी से रुपए 150000 प्राप्त कीये है रूपयो की आवाज में आरोपीगन ने डेढ लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उक्त चैक को बैंक मे भुगतान करने के लिए दिया किंतु बैंक द्वारा इस ज्ञापन के साथ चेक वापस कर दिया कि खाता बंद है। जिस पर से परिवादी ने आरोपीगण को अपने अधिवर्ष के माध्यम से सूचना पत्र दिलवाया बाद चेक की राशि का भुगतान नहीं होने पर न्यायालय में परिवार पेश किया बाद न्यायालय द्वारा विचरण करने के उपरांत न्यायाधीश सु श्री प्रीति परिहार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर आरोपीगण को 6 माह के कारावास व 2 लाख के अर्थदंड से दंडित किया, प्रकरण में सफल पैरवी प्रेमसुख पाटीदार ने की।

# राजस्व महाअभियान के क्रियान्वयन में जिला प्रदेश में अव्वल

**नीमच, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजस्व महाअभियान के क्रियान्वयन में नीमच जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। सभी राजस्व अधिकारियों ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में बेहतर कार्य किया है। राजस्व महाअभियान के सभी पैरामीटर्स पर निरंतर कार्य किया जाकर, राजस्व प्रकरणों का तत्परतापूर्वक निराकरण निरंतर जारी रहेगा। यह जानकारी कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा एवं निर्माण विभागों द्वारा संचालित कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक में एडीएम श्रीमती गामड ने दी। बैठक में एसडीएम जावद सुश्री प्रीती संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे सहित सभी निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**पीएम कुसुम योजना के तहत खेतों में सौलर पम्पि स्थापित करवाए:-** बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मध्यप्रदेश प.क्षे.वि.वि.कं.के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए, कि वे ऐसे किसान



जिनके खेतों में विद्युत लाईन नहीं है और ऐसे किसान जो अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेकर विद्युत पम्प से सिंचाई कर रहे है, उनकी जानकारी संकलित कर, उन्हें पीएम कुसुम योजना के तहत खेतों में सौलर पम्पी स्थापित करने हेतु प्रेरित करें और सौलर पम्प लगवाए। जिले में 3 से 8 फरवरी तक आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, कुपोषण निवारण, कुष्ठनियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी पंचायतों के नोडल जिला अधिकारी 3 से 8 फरवरी 2025 तक संबंधित गांवों का भ्रमण कर, आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, कुपोषण निवारण के लिए सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों के चिन्हाकंन तथा कुष्ठ नियंत्रण के लिए हितग्राहियों का चयन कर उन्हे लाभांवित करवाएं। बैठक में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में बताया गया, कि नीमच बायपास का सर्वे कार्य पूर्ण हो गया है। कलेक्टर ने भूअर्जन के प्रस्ताव बनाकर एसडीएम को प्रस्तुत करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण को दिए। लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री ने बताया कि अठाना बायपास निर्माण का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा। जिले में 73 सड़क निर्माण कार्यो में से 24 सड़कों का काम पूरा हो गया है। 19 सड़कों का कार्य 2 माह में पूरा हो जाएगा। 7 सड़कों के निर्माण के लिए वन अनुमति अपेक्षित है और 2 अन्य स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा।

म.प्र.सड़क विकास निगम की समीक्षा में बताया गया, कि नीमच, मनासा, रामपुरा, झालावाड़ तक 145 कि.मी.फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 2566 करोड़ की राशि स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नीमच सिंगोली फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के लिए निर्माण एजेंसी तय हो गई है। अनुबंध कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सेतु निगम द्वारा पालसोड़ा ब्रिज निर्माण का कार्य 65 प्रतिशत से अधिक हो गया है, अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा में बताया गया, कि अब तक 617 कि.मी. रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 695 कि.मी.शेष रेस्टोरेशन कार्य भी तेजी से जारी है। गांधी सागर जल प्रदाय योजना से जल आपूर्ति की टेस्टिंग मार्च में प्रारंभ कर दी जाएगी। अमृत 2 योजना के तहत नीमच में स्टेडियम निर्माण का कार्य एवं संजीवनी नाले का कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टगर द्वारा सभी निर्माण विभागों को स्वीकृत कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए।

## पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस मंदसौर में माय भारत आउटरीच कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माय भारत पोर्टल आउटरीच जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रोग्राम ऑफिसर, एन.एस.एस. डॉ. अनिल कुमार आर्य ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित माय भारत पोर्टल के बारे में विस्तार से बताकर विद्यार्थियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक देवांश मालवीय द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन की माध्यम से माय भारत पोर्टल के अंतर्गत संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से माय भारत एम्बेसडर प्रोग्राम के लाभ जैसे नेतृत्व विकास, राष्ट्र निर्माण में योगदान, नेटवर्किंग के अवसर, स्किलिंग प्लेटफ़ॉर्म से संपर्क, मान्यता और पुरस्कार, मार्गदर्शन, निर्णय लेने में भागीदारी, अवसरों के संपर्क में आना, सामाजिक प्रभाव, व्यक्तित्व विकास आदि के बारे में बताया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. भारत सिंह कलेश, प्रो. संजय पंवार समेत महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# डायमंड जुबली जंबूरी में मध्य प्रदेश दिवस मनाया



**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश भारत स्काउट गाइड की प्रदेश स्तरीय टीम तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के डायमंड जुबली पार्क में 88 सदस्यों की टीम कैंप में भाग ले रही हैं। इस डायमंड जुबली जंबूरी में प्रदेश के सभी राज्यों के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालय समिति , नवोदय विद्यालय समिति और रेलवे के सभी रीजन के कॉन्टीजेंट भाग ले रहे हैं। इनके अलावा मलेशिया, इंडोनेशिया, भूटान, नेपाल, सउद्दी अरब सहित 10 देश भी इसमें भाग ले रहे हैं।

मध्यप्रदेश का 88 सदस्यीय टीम राज्य संगठन आयुक्त डॉ सुरेश पाठक की के निर्देशन में भाग ले रहा है ,वहीं गाइड नेतृत्व जिला गाइड सचिव मंदसौर सलमा शाह कर रही हैं। आज मध्य प्रदेश दिवस मनाया गया उसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका बैरागी रही, अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी ने की, विशेष अतिथि के रूप रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव, गुजरात के प्रभारी भीखा भाई सिदपरा, जिला उपाध्यक्ष मंदसौर दिलीप दांगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एएसओसी भोपाल गतिविधि प्रभारी राजेश मेवाडे किया। कार्यक्रम में मलखंब प्रभारी दिनेश धाकड़, बैंड प्रभारी दिलीप चौहान, गाइड प्रभारी सपना धाकड़, क्वार्टर मास्टर रामेश्वर दयाल, संजू मेवाड़े, सतीश चंद्र जाट, श्री मति किरण, रेंजर कुमारी आस्था सिंह, आदि उपस्थित रहे। भोपाल सीहोर आगर शाजापुर मंदसौर होशंगाबाद से टीम भाग ले रही है सबसे बड़ा मंदसौर जिले का है जिसमें श्री साई पब्लिक स्कूल दलोदा के 32 स्काउट गाइड मलखंब और बैंड पार्टी में भाग ले रहे हैं। टीम का उत्साह वर्धन करने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष समिति दीपिका बैरागी ,जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी, जिला रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव उपाध्यक्ष दिलीप दांगी आदि कैंप में उपस्थित रहे।


## ✻ उठावना ✻

हमारे भाभीसा एवं भूपेंद्र कुमार, राहुल के काकीसा अंकित, अंशुल, आरव, रिशु, अद्विवक की दादीजी व अनय, अयांश, कियांश की परदादी एवं मनोज व स्वर्गीय राकेशजी की माताजी श्रीमती गुणबाला जैन ( राठौर) (धर्मपत्नी- स्व. श्री यशवंतसिंहजी राठौर) का देवलोक गमन 30 जनवरी 2025 को हो गया है। जिनका उठावना 1 फरवरी 2025, शनिवार को प्रात: 10.30 बजे आदिनाथ जैन मंदिर, नयापुरा मंदसौर पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**राजेंद्र, विनोद, भूपेंद्र, मनोज, अंकित, अंशुल एवं राठौर परिवार**
**मंदसौर**


## प्रशासनिक अधिकारियों की कार्य...

पेज 1 से जारी

के मामलों को पुलिस नजरअंदाज करती आ रही है तो अब बीच सड़क पर बस स्टैंड पर भंडारा शुरू हो गया है। वह भी प्रतिदिन, कोई सवाल इसलिए नहीं कर रहा है की पुलिस प्रशासन भी प्रतिदिन वैसे ही देख रहा है जैसे वहां से गुजरने वाला आम नागरिक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी।

कुल मिलाकर जनप्रतिनिधि भी जन समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं और जिला प्रशासन अपने इरादों में मजबूत अपने आयोजनों को सफल बनाने में लगा हुआ हैं। आयोजक जिला प्रशासन के बन जाने से कई दशकों से एक तहसील तक सीमित दायरा रखने वाला नट नागर शोध संस्थान का आयोजन जिला स्तर से भी उंचा और बौद्धिक हो गया है। इसे जिला प्रशासन का साहस भी कहा जा सकता है की तहसील कार्यक्रम को याद रखने लायक बनाने जा रहा है। फिर भले ही इसका आभास जनप्रतिनिधियों को तब हुआ जब उन्हें निमंत्रण मिला कि किसी को केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ मंच साझा करना था तो किसी को किसी विद्वान के साथ। जनप्रतिनिधि तो बेमन से शामिल भी हो गए पर सत्ताधारी दल के सहयोगी विहिप कार्यकर्ताओं ने खुले मन से संस्था द्वारा आमंत्रित अली ब्रदर्स के कार्यक्रम का इतना कड़ा विरोध किया कि प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया के दखल के बाद निरस्त करना पड़ा। अब यही प्रशासन जिसका नजरिया तेज बौद्धिक प्रगतिशील भी है। तब यह भी खोजा जाना चाहिए कि जिले में आजादी के पहले से ताकायमी कारखाने के लिए आवंटित भूमि का नामोनिशान जिले में कहीं क्यों नहीं रहा! जबकि इंदौर उज्जैन रतलाम देवास सीहोर आदि जिलों में जहां भी कपड़ा मिल, शुगर मिलों के अलावा जिनिंग फैक्ट्रियां और इनसे जुड़े अनेक उद्योगों के लिए तत्कालीन राजघराने से लीज पर भूमिया आवंटित थी। कपड़ा मिलों की भूमि को अब शासन द्वारा बेचा जाकर ही मजदूरों की बकाया राशि दी जा रही है। ऐसी ताकायमी कारखाने की भूमि वर्तमान समय में बेशकीमती होने के साथ प्राइम लोकेशन पर होने के कारण शासन के लिए लाभ का सौदा हो सकता है। ऐसे में अगर मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र में भी ऐसे बंद हो चुके कारखाने की जमीन मिल जाए तो सरकार के लिए लाभ का ही सौदा होगा। मंदसौर जिला तो छोड़िए नगर की स्थिति को ही देख ले सड़कों पर उगते अतिक्रमण के मामलों को पुलिस नजरअंदाज करती आ रही है तो अब बीच सड़क पर बस स्टैंड पर भंडारा शुरू हो गया है। वह भी प्रतिदिन कोई सवाल इसलिए नहीं कर रहा है की पुलिस प्रशासन भी प्रतिदिन वैसे ही देख रहा है जैसे वहां से गुजरने वाला आम नागरिक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी। कुल मिलाकर जनप्रतिनिधि भी जन समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं और जिला प्रशासन अपने इरादों में मजबूत अपने आयोजनों को सफल बनाने में लगा हुआ हैं।



# एडिफाई स्कूल में सुराणा एजुकेशन सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर संपन्न

**मंदसौर, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र सप्ताह के अंतर्गत विगत दिनों नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एडिफाई स्कूल में सुराणा ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुराणा ग्रुप के चेयरमैन विजय सुराणा ने की।

शिविर में सुराणा ग्रुप के निर्देशक मयूर सुराणा और आदित्य सुराणा, एडिफाई स्कूल के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार, फामेर्सी कॉलेज और बी.एड कॉलेज के प्राचार्यगण, डॉ. आरती राठौर, और डॉ. जयदीप पंथी एवं विद्यालय पालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें पालकों ने 80% रक्तदान कर अपना अमूल्य योगदान दिया और स्कूल स्टाफ में से विशेषकर पुरूष स्टाफ ने 20% रक्तदान कर महत्वपूर्ण योगदान दिया सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजेश दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा, रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। यह एक ऐसा कदम है जो जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होता है। चेयरमैन विजय सुराणा ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को इस प्रयास के लिए बधाई दी। इस अवसर पर निर्देशक आदित्य सुराणा ने कहा, रक्तदान महादान है। यह न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार ने सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में ऐसे और आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराना था। सुराणा एजुकेशन सोसाइटी और एडिफाई स्कूल का यह प्रयास उनके सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पण को दशार्ता है।

## मारपीट पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। खण्डेरिया मारु निवासी नीलेश गुर्जर ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि शुक्रवार को दोपहर तेजराम गुर्जर मेरे खेत से होकर निकला व फसल को नुकसान पहुंचाया। मना किया तो गाली-गलौज कर हाथ में पहने कडे से सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिसने तेजराम पर केस दर्ज किया।

## कलेक्टर ने की तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना

**नीमच, 31 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए गये हैं। तहसीलदार सिंगोली श्री राजेश सोनी को तहसील रामपुरा पदस्थ किया हैं। प्रभारी तहसीलदार संलग्न भू-अभिलेख कार्यालय नीमच श्री यशपाल मुजाल्दा को तहसीलदार जीरन, नायब तहसीलदार मनासा श्री बालकृष्णं मकवाना को प्रभारी तहसीलदार सिंगोली, नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार रामपुरा श्री मुकेश निगम को प्रभारी तहसीलदार मनासा एवं नायब तहसीलदार व प्रभारी तहसीलदार जीरन को श्री नवीन गर्ग को प्रभारी अपर तहसीलदार जावद, पदस्थ किया गया हैं। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।


**NAME CHANGE**

I MOHAMMED HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMED MAIMOON S/O MURTUZA HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS MOHAMMED MAIMOON S/O MURTUZA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

ADDRESS :- 430 SAIFY MOHALLA TEHSIL ROAD SUWASRA - 458888

**NAME CHANGE**

I BATUL HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO BATUL MAIMOON D/O MURTUZA HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS BATUL MAIMOON D/O MURTUZA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

ADDRESS :- 430 WARD 04 TEHSIL ROAD SUWASRA 458888

## कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ जिला मन्दसौर (मप्र)

PH-07424-244639, Fax No-07424-244919 and Emall-cmonarayangarh@mpurban.gov.in
क्रमांक: 191/2025 दिनांक:-31/01/2025

### ✻✻✻ दावा आपत्ति सूचना ✻✻✻

**नगर के समस्त नागरिकगणों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद नारायणगढ सीमा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12 जान्याखेडी रोड पर सर्वे क्रमांक 1966 पर स्व. श्री नाथीबाई पति धन्नालाल मेहतर का भूखण्ड पट्टा एवं भूखण्ड क्रमांक 06 (पट्टा) स्व. श्री हंगाम बाई पति लक्षमण मेहतर की मृत्यु हो जाने एवं इनके परिवार का कोई भी सदस्य नहीं होने से उक्त स्थान पर हरिजन बस्ती के निवसियो द्वारा उक्त दोनो पट्टे को सरेंडर करते हुवें उक्त स्थल पर मांगलिक भवन निर्माण की मांग हेतु निकाय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त पट्टे की भूमि को लेकर यदि किसी भी व्यक्ति का कोई दावा या आपत्ति हो तो वे लिखित साक्ष्य एवं ठोस प्रमाण के साथ सूचना की अंतिम दिनांक 14/02/2025 समय दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, समयावधि पश्चात् कोई भी दावा या आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हों।**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद नारायणगढ़


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in